## REIC की दिनांक 30-06-2021 को होने वाली बैठक की तैयारी हेतु कमिश्नर, वाणिज्य कर की अध्यक्षता में दिनांक 29.06.2021 को हुयी बैठक का कार्यवृत्त

कमिश्नर, वाणिज्य कर महोदया की उपस्थिति/अध्यक्षता में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. श्री प्रदीप कुमार, एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, वाराणसी जोन–द्वितीय, वाराणसी।
2. श्री सुनील कुमार राय, एडीशनल कमिश्नर (विधि) वाणिज्य कर, मुख्यालय।
3. श्री अशोक कमार सिंह, एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2(अपील) वाणिज्य कर, झांसी।
4. श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव, ज्वाइण्ट कमिश्नर(आई0एम0सी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय।
5. श्री अमित त्यागी, असिस्टेन्ट कमिश्नर(आई0एम0सी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय।

(1) REIC की दिनांक 30.06.2021 को होने वाली बैठक में श्री प्रदीप कुमार, एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, वाराणसी जोन–द्वितीय, वाराणसी द्वारा प्रतिभाग किया जाये।

**(अनुपालन–एडी0कमि0ग्रेड–1,वाराणसी जोन–द्वितीय)**

(2) REIC से सम्बन्धित मामलों की मानीटरिंग किये जाने हेतु एक डाटाबेस तैयार किया जाना है, जिसमें REIC की विभिन्न बैठकों में स्टेट जीएसटी अधिकारियों द्वारा टेक अप किये गये केसेज एवं स्टेट जीएसटी द्वारा स्पॉन्सर किये गये केसेज का विवरण एवं उसकी प्रगति का विवरण सम्मिलित हो। इसके लिये आई0एम0सी0 द्वारा विवरण उपलब्ध कराया जायेगा एवं आई0टी0 अनुभाग द्वारा मॉड्यूल विकसित किया जायेगा।

**(अनुपालन–ज्वा0कमि0(आई0टी0/आई0एम0सी0)**

(3) REIC की बैठक में प्राप्त होने वाली महत्वपूर्ण सूचनाओं के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु एक कोर ग्रुप का गठन किया जाये, जिसमें श्री प्रदीप कुमार, एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, वाराणसी जोन–द्वितीय, श्री सुनील कुमार राय, एडीशनल कमिश्नर (विधि) वाणिज्य कर, मुख्यालय, श्री अशोक कमार सिंह, एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2(अपील)वाणिज्य कर, झांसी एवं श्री प्रकाश यादव, ज्वाइण्ट कमिश्नर(आई0टी0)वाणिज्य कर, मुख्यालय को नामित किया जाता है। इस कोर ग्रुप द्वारा REIC के मामलों में विधि अनुसार निर्णय लेकर कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के माध्यम से सम्बन्धित को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जायेगा।

**(अनुपालन–नामित प्राधिकारी)**

(4) REIC से शेयर किये गये ऐसे मामले में, जिसमें राज्य प्राधिकार अधिकारियों से कार्यवाही वांछित है, के सम्बन्ध में समयबद्ध निस्तारण किये जाने हेतु परिपत्र के माध्यम से निर्देश प्रसारित किया जाये।

**(अनुपालन–ज्वा0कमि0 आई0एम0सी0)**

(5) REIC की बैठक दिनांक 26.10.2020 में CEIB द्वारा सर्वश्री जे0वी0एल0एग्रो, वाराणसी (GSTIN-09AAACJ5704B2ZZ) का मामला शेयर किया गया था, जिसके सम्बन्ध में एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, वाराणसी जोन–प्रथम से सूचना प्राप्त हुयी कि फर्म का पंजीयन दिनांक 31.08.2019 को निरस्त कर दिया गया है। वर्तमान में फर्म बन्द है तथा वाद National Company Law Tribunal में चल रहा है। इस सम्बन्ध में एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, वाराणसी जोन–द्वितीय को निर्देशित किया गया कि NCLT के समक्ष राज्य कर के बकाये का क्लेम किये जाने की वस्तुस्थिति ज्ञात करके मुख्यालय को सूचित किया जाये।

(अनुपालन–एडी0कमि0ग्रेड–1,वाराणसी जोन–द्वितीय/अनुश्रवण–ज्वा0कमि0 आई0एम0सी0)

(6) REIC की बैठक दिनांक 15.03.2019 में DGGI द्वारा शेयर किये गये मामलों में सर्वश्री जय ट्रेडिंग कं0, बरेली (GSTIN-09AALFJ0044N1Z3) जो खण्ड–3, बरेली में पंजीकृत है, का पंजीयन अभी तक निरस्त नहीं हुआ है। इस सम्बन्ध में आज ही कार्यवाही कर सूचित करने हेतु एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, बरेली जोन को दूरभाष पर निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, बरेली द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि फर्म का पंजीयन सस्पेंड करते हुये पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही हेतु नोटिस जारी कर दी गयी है। पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही पूर्ण करके सम्बन्धित एजेंसी ( DGGI) एवं मुख्यालय को सूचित किया जाये।

**(अनुपालन–एडी0कमि0ग्रेड–1,बरेली जोन अनुश्रवण–ज्वा0कमि0 आई0एम0सी0)**

(7) REIC के एनेग्जर–II(3) में उल्लिखित ऐसे मामले जिनमें CGST से सूचनायें/अभिलेख प्राप्त किये जाने हैं, के सम्बन्ध में कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के हस्ताक्षर से पत्र जारी कराया जाये।

**(अनुपालन–ज्वा0कमि0 आई0एम0सी0)**

(8) REIC की चौथी बैठक दिनांक 22.02.2021 के जारी कार्यवृत्त के अनुलग्नक– II(2) में CEIB New Delhi द्वारा सन्दर्भित मामले सर्वश्री रूस्तम फूड्स प्रा0लि0, कानपुर(GSTIN-09AADCR4401N1Z8) को क्रमांक–1 पर प्रदर्शित किया गया है। यह फर्म राज्य प्राधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत ज्वाइण्ट कमिश्नर(कार्पोरेट सर्किल)वाणिज्य कर, कानपुर प्रथम के अधिक्षेत्र में पंजीकृत है। ज्वाइण्ट कमिश्नर(कार्पोरेट सर्किल)वाणिज्य कर, कानपुर प्रथम द्वारा डायरेक्टर ऑफ इन्वेस्टिगेशन, आयकर, कानपुर को 02 पत्र प्रेषित किये गये हैं, किन्तु वांछित सूचनायें प्राप्त नहीं हैं। प्रश्नगत मामले में एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, कानपुर जोन–प्रथम द्वारा अपने स्तर से मानीटरिंग करते हुये यथावश्यक सूचनायें प्राप्त कर राज्य कर चोरी के सम्बन्ध में निर्णय लेकर तद्नुसार मुख्यालय को सूचित किया जाये।

**(अनुपालन–एडी0कमि0ग्रेड–1,कानपुर–प्रथम जोन, अनुश्रवण–ज्वा0कमि0 आई0एम0सी0)**

(9) High Value E-WayBill से सम्बन्धित संदिग्ध फर्मों के मामलों को REIC की बैठकों में शेयर किया जाये।

**(अनुपालन–ज्वा0कमि0 आई0टी0/आई0एम0सी0)**

(10) TBML (Trade Based Money Laundering), use of Shell Companies, bogus bills, KYC violations, diversion of bank loans, MSCS (Multi—State Cooperative Credit Societies) के सम्बन्ध में एक स्टडी ग्रुप बनाया गया है। स्टडी ग्रुप में स्टेट जीएसटी की ओर से श्री अशोक कुमार सिंह, तत्कालीन ज्वाइण्ट कमिश्नर(सचल दल)वाणिज्य कर, मुख्यालय सम्प्रति एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2(अपील)वाणिज्य कर, झांसी को पूर्व से ही सदस्य नामित किया गया था, जो यथावत् बने रहेंगे तथा कन्वीनर, आरईआईसी की अध्यक्षता में स्टडी ग्रुप मेम्बर्स की होने वाली प्रथम बैठक दिनांक 12.07.2021 में पूर्वाह्न 11.45 पर जीएसटी भवन, 7ए अशोक मार्ग, लखनऊ में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगें।

**(अनुपालन–एडी0कमि0ग्रेड–2(अपील)झांसी/सदस्य, स्टडीग्रुप REIC)**

(11) दिनांक 30.06.2021 की बैठक हेतु एसजीएसटी से सम्बन्धित मामलों की एक्शन टेकन रिपोर्ट का अद्यतन विवरण अनुलग्नक–II(3) में तैयार करके REIC को ई–मेल के माध्यम से मीटिंग के पूर्व प्रेषित कर दिया जाये।

**(अनुपालन–ज्वा0कमि0 आई0एम0सी0)**

उक्त कार्यवृत्त कमिश्नर, वाणिज्य कर महोदया के अनुमदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

**(सुनील कुमार राय)**
एडीशनल कमिश्नर (विधि) वाणिज्य कर,
मुख्यालय।

**पृ0प0सं0–121 /REIC बैठक/मु0/2021–22/आई0एम0सी0/वाणिज्य कर**

**कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर**
उत्तर प्रदेश लखनऊ
दिनांकः: **30** :: जून 2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को अनुपालनार्थ प्रेषितः–

1. ज्वाइण्ट कमिश्नर एवं वरिष्ठ स्टाफ ऑफीसर, वाणिज्य कर को कमिश्नर महोदया के संज्ञानार्थ।
2. एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
3. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर, वाराणसी जोन–द्वितीय/बरेली/कानपुर–प्रथम।
4. एडीशनल कमिश्नर (विधि)वाणिज्य कर, मुख्यालय।
5. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2(अपील)वाणिज्य कर, झांसी।
6. ज्वाइण्ट कमिश्नर(आई0टी0/आई0एम0सी0)वाणिज्य कर, मुख्यालय।

30/6/21

**(अतुल कुमार श्रीवास्तव)**
ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0एम0सी0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय।